नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

### ग्रामीण सामुदायिक सहभाग पर संकाय विकास कार्यक्रम का समापन

वर्धा, 21 फरवरी 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र एवं शिक्षा विभाग तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण सामुदायिक सहभाग विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन 12 से 18 फरवरी तक किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से 40 से




अधिक संकाय सदस्य सहभागी हुए। कार्यक्रम का समापन प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की अध्यक्षता में अकादमिक भवन के कस्तुरबा सभागार में किया गया। इस अवसर महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद के डॉ. डी. एन. दास, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव शरद बेहर शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शिरीष पाल सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया एवं आभार डॉ. शिरीष पाल सिंह ने माना।

इस अवसर पर अतिथियों के हाथों प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतिभागियों



में से यशवंत महाविद्यालय के डॉ. संजय धोटे एवं डॉ. अर्चना भालकर ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की।